**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति कुशीनगर की अध्यक्षता में "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) समिति की दिनांक 17.01.2025 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 17.01.2025 को जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति कुशीनगर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत की गयी, जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. श्री अरूण कुमार, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर।
2. श्री विवेक कुमार कुशवाहा, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर।
3. श्री नीरज कुमार, सहायक अभियन्ता(SWSM), खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), कुशीनगर।
4. श्री देवेश कुमार गुप्त, जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, कुशीनगर।
5. श्री मोहम्मद शफी, आई0एस0ए0 कोआर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0, कुशीनगर।
6. श्री रविन्द्र कुमार गोखले, डी0पी0एम0, मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0 लि0 (टी0पी0आई0ए0) कुशीनगर।
7. श्री राकेश शर्मा, परियोजना प्रबन्धक, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, कुशीनगर।
8. श्री कुंदन कुमार, कलस्टर इंचार्ज, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, कुशीनगर।
9. श्री मुन्ना सिंह, फर्म प्रतिनिधि, जय माँ गायत्री इण्टर प्राईजेज, कुशीनगर।

उक्त बैठक में अधिशासी अभियन्ता, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा जिलाधिकारी महोदय को एजेन्सी वार जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद की योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया, बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्मो की प्रगति एवं अधिशासी अभियन्ता को प्रगति में अपेक्षित सुधार हेतु निर्देशित किया गया।




जिलाधिकारी महोदय द्वारा पूर्व में की गयी समीक्षा बैठक में दिये गये वर्कप्लान के अनुसार प्रगति की समीक्षा की गयी जिसमें सड़क पुर्नस्थापना, पाईप लाईन, अवर जलाशय, गृह संयोजन एवं अन्य कार्यो का लक्ष्य निर्धारित किये गये थे किन्तु फर्मो द्वारा दिये गये वर्क प्लान में प्रगति संतोषजनक नही की गयी जिस पर असंतोष व्यक्त किया।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा जनपद में 07 अदद् ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाओं हेतु प्रस्तावित भूमि में विवाद की स्थिति से अवगत कराया गया, जिसके कम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों को दूरभाष पर निर्देशित किया गया एवं यह भी निर्देशित किया गया कि उपरोक्त प्रकरण से सम्बन्धित समस्त अभिलेख मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी एवं सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों को उपलब्ध कराकर समन्वय स्थापित करते हुये प्रकरण का निस्तारण करा लिया जाय।

समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा यह अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 74 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाए विद्युत आधारित है, जिनके विद्युत संयोजन हेतु मार्च 2024 तक भुगतान कर दिया गया था परन्तु लगभग 09 माह व्यतीत हो जाने के बाद भी अबतक मात्र 23 अदद् पेयजल योजनाओं पर ट्रान्सफार्मर स्थापित किया गया है तथा उनमें से किसी भी योजना पर अबतक विद्युत आपूर्ति बाहाल नही की गयी है। इसके कम जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है कि उनके स्तर से अधीक्षण अभियन्ता, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0 कुशीनगर को पत्र जारी कराया जाय।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं का संक्षिप्त प्रगति (Over All) भी प्रस्तुत किया जाय तथा जिन योजनाओं के कार्य अवशेष है, उनको माहवार पूर्ण किये जाने का लक्ष्य भी प्रस्तुत किया जाय।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में रेट्रोफिटिंग योजनाओं को शतप्रतिशत पूर्ण करते हुये सूचारू रूप से पूर्ण क्षमता पर जलापूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/मे0 जय मॉ गायत्री इण्टरप्राईजेज, गोरखपुर/टी0पी0आई0ए0/डी0पी0एम0यू0)**

समीक्षा बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

(अरूण कुमार)
अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
कुशीनगर।

पत्रांक– 1041 / V-18 / 03 दिनांक 16-04-2025

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय कुशीनगर (अध्यक्ष)।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, कुशीनगर (सदस्य)।
3. जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, कुशीनगर।
4. अधीक्षण अभियन्ता, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर।
6. अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
7. समस्त अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कुशीनगर।
8. जनरल मैनेजर/परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0 लिमिटेड, कुशीनगर।
9. मे0 जय मॉ गायत्री इण्टरप्राईजेज, गोरखपुर।
10. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0 कुशीनगर।
11. जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 कुशीनगर।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
कुशीनगर।

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति कुशीनगर की अध्यक्षता में "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) समिति की दिनांक 17.01.2025 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 17.01.2025 को जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति कुशीनगर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत की गयी, जिसमें निम्नलिखित सदस्यो द्वारा प्रतिभाग किया गया :-

1. श्री अरूण कुमार, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर।
2. श्री विवेक कुमार कुशवाहा, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर।
3. श्री नीरज कुमार, सहायक अभियन्ता(SWSM), खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), कुशीनगर।
4. श्री देवेश कुमार गुप्त, जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, कुशीनगर।
5. श्री मोहम्मद शफी, आई0एस0ए0 कोआर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0, कुशीनगर।
6. श्री रविन्द्र कुमार गोखले, डी0पी0एम0, मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0 लि0 (टी0पी0आई0ए0) कुशीनगर।
7. श्री राकेश शर्मा, परियोजना प्रबन्धक, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, कुशीनगर।
8. श्री कुंदन कुमार, कलस्टर इंचार्ज, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, कुशीनगर।
9. श्री मुन्ना सिंह, फर्म प्रतिनिधि, जय माँ गायत्री इण्टर प्राईजेज, कुशीनगर।

उक्त बैठक में अधिशासी अभियन्ता, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा जिलाधिकारी महोदय को एजेन्सी वार जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद की योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया, बैठक मे जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्मो की प्रगति एवं अधिशासी अभियन्ता को प्रगति में अपेक्षित सुधार हेतु निर्देशित किया गया।




जिलाधिकारी महोदय द्वारा पूर्व में की गयी समीक्षा बैठक में दिये गये वर्कप्लान के अनुसार प्रगति की समीक्षा की गयी जिसमें सड़क पुर्नस्थापना, पाईप लाईन, अवर जलाशय, गृह संयोजन एवं अन्य कार्यो का लक्ष्य निर्धारित किये गये थे किन्तु फर्मो द्वारा दिये गये वर्क प्लान में प्रगति संतोषजनक नही की गयी जिस पर असंतोष व्यक्त किया।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा जनपद में 07 अदद् ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाओं हेतु प्रस्तावित भूमि में विवाद की स्थिति से अवगत कराया गया, जिसके कम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों को दूरभाष पर निर्देशित किया गया एवं यह भी निर्देशित किया गया कि उपरोक्त प्रकरण से सम्बन्धित समस्त अभिलेख मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी एवं सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों को उपलब्ध कराकर समन्वय स्थापित करते हुये प्रकरण का निस्तारण करा लिया जाय।

समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा यह अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तर्गत 74 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाए विद्युत आधारित है, जिनके विद्युत संयोजन हेतु मार्च 2024 तक भुगतान कर दिया गया था परन्तु लगभग 09 माह व्यतीत हो जाने के बाद भी अबतक मात्र 23 अदद् पेयजल योजनाओं पर ट्रान्सफार्मर स्थापित किया गया है तथा उनमें से किसी भी योजना पर अबतक विद्युत आपूर्ति बाहाल नही की गयी है। इसके कम जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है कि उनके स्तर से अधीक्षण अभियन्ता, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0 कुशीनगर को पत्र जारी कराया जाय।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं का संक्षिप्त प्रगति (Over All) भी प्रस्तुत किया जाय तथा जिन योजनाओं के कार्य अवशेष है, उनको माहवार पूर्ण किये जाने का लक्ष्य भी प्रस्तुत किया जाय।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में रेट्रोफिटिंग योजनाओं को शतप्रतिशत पूर्ण करते हुये सूचारू रूप से पूर्ण क्षमता पर जलापूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/मे0 जय माँ गायत्री इण्टरप्राईजेज, गोरखपुर/टी0पी0आई0ए0/डी0पी0एम0यू0)**

समीक्षा बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

(अरूण कुमार)
अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
कुशीनगर।

पत्रांक– 1041 / V-18 / 03 दिनांक 16-04-2025

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय कुशीनगर (अध्यक्ष)।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, कुशीनगर (सदस्य)।
3. जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, कुशीनगर।
4. अधीक्षण अभियन्ता, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर।
6. अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
7. समस्त अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कुशीनगर।
8. जनरल मैनेजर/परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0 लिमिटेड, कुशीनगर।
9. मे0 जय मॉ गायत्री इण्टरप्राईजेज, गोरखपुर।
10. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0 कुशीनगर।
11. जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 कुशीनगर।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
कुशीनगर।